सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-480
06/10/2017

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 06 अक्टूबर 2017 :– आज 1अणे मार्ग स्थित संकल्प में केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में प्रधानमंत्री पैकेज के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। केन्द्र की तरफ से प्रधानमंत्री पैकेज के तहत बिहार में चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस योजना अन्तर्गत पाइपलाइन के माध्यम से एल0पी0जी0 उपलब्ध कराया जायेगा। इसके साथ–साथ बरौनी रिफाइनरी के विस्तारीकरण पर चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में बताया गया कि बरौनी में एक नये पेट्रो केमिकल यूनिट की स्थापना की जायेगी, साथ ही आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट की भी स्थापना की जायेगी। आई0ओ0सी0एल0 के पाइपलाइन के संदर्भ में भी चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में बताया गया कि पेट्रोलियम पाइपलाइन को मोतिहारी तक तथा एल0पी0जी0 पाइपलाइन को भागलपुर से मुजफ्फरपुर तक विस्तारित किया जायेगा। हर घर रसोई गैस का कनेक्शन देने के विषय पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में एक जिला में इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट के संदर्भ में कार्य योजना बनाने की बात कही गयी, साथ ही इस हेतु नवम्बर माह में विशेष शिविर के आयोजन के बारे में भी चर्चा की गयी। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत पूरे जिला को हर घर रसोई गैस कनेक्शन से शत–प्रतिशत आच्छादित किया जायेगा ताकि सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस योजना को सार्वभौमिक बनाने के संदर्भ में भी चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने योजनाओं के कार्यान्वयन में बिहार सरकार की तरफ से पूर्ण सहायता एवं सहयोग का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान सुपौल जिला में लगाये जाने वाले इथनॉल प्लांट पर दोनों तरफ से त्वरित कार्रवाई कर इसकी स्थापना करने की बात कही गयी। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन में समन्वय तथा मॉनिटरिंग करने के लिये विकास आयुक्त को बिहार सरकार की ओर से नोडल पदाधिकारी बनाने का निर्देश मुख्य सचिव को दिया।

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के बीच मुलाकात के दौरान कौशल विकास के संदर्भ में भी चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने उन्हें कुशल युवा कार्यक्रम के संदर्भ में बताया तथा कुशल युवा कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित केन्द्रों को जाकर देखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इसपर भी विचार करें कि वह इसमें किस तरह से मदद कर सकती है। चर्चा के क्रम में बिहार में आई0टी0आई0 की स्थापना किये जाने पर भी चर्चा की गयी। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि केन्द्र बिहार को विशेष दृष्टिकोण से देखता है। उनके मंत्रालय द्वारा राज्य में चलाई जा रही योजनाओं को विशेष ध्यान देकर ससमय पूरा किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री संदीप पौंड्रिक और श्री राजेश अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आई0ओ0सी0एल0 के निदेशक श्री अनीस

अग्रवाल, गेल के निदेशक श्री आशुतोष कर्नाटक, एच0पी0सी0एल0 के निदेशक श्री एस0 जय कृष्णन, बी0पी0सी0एल0 के निदेशक श्री एस0 रमेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******